उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, इलाहाबाद।

पत्रांकः मा0शि0च0बो0/अधि0/ 1659 /2018–19 दिनांक 12/7/2018

विज्ञप्ति

चयन बोर्ड के पत्रांकः मा0शि0च0बो0/अधि0/883/2016–17 दिनांक 30.05.2016, मा0शि0च0बो0/1223/2016–17 दिनांक 30.06.2016 एवं मा0शि0च0बो0/1493/2016–17 दिनांक 19.07.2016 द्वारा विज्ञापन संख्या–01/2016 प्रशिक्षित स्नातक एवं विज्ञापन संख्या–02/2016 प्रवक्ता विषयों के प्रति ऑनलाईन आवेदन–पत्र प्राप्त किये जाने की विज्ञप्ति प्रसारित की गयी थी जिसमें आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30.07.2016 थी। उक्त विज्ञापन के संदर्भ में प्रशिक्षित स्नातक एवं प्रवक्ता के विषयों की लिखित परीक्षा की तिथि चयन बोर्ड द्वारा क्रमशः 27, 28 एवं 29 सितम्बर, 2018 तय की गयी थी।

सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद के पत्रांकः परिषद–9/372 दिनांक 09.07.2018 द्वारा यह सूचित किया गया है कि हाईस्कूल स्तर पर काष्ठ शिल्प, पुस्तक कला, टंकण, आशुलिपि टंकण एवं जीवविज्ञान माध्यमिक शिक्षा परिषद की पाठ्यचर्या में सम्मिलित नहीं है। इण्टरमीडिएट स्तर पर वनस्पतिविज्ञान नाम का कोई विषय निर्धारित नहीं है। हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट स्तर पर संगीत नाम का कोई विषय निर्धारित नहीं है।

उपर्युक्त विषय विज्ञापन संख्या–01/2016 एवं 02/2016 में विज्ञापित हैं, पाठ्यचर्या में यह विषय न होने के कारण इनके प्रति चयन की आवश्यकता नहीं है। इसलिये बोर्ड द्वारा सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद के उपर्युक्त पत्र का संज्ञान लेते हुये विसंगतिपूर्ण पूर्व विज्ञापन में निम्नलिखित विषयों के विज्ञापन को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया है :–

विज्ञापन संख्या	विज्ञापन का क्रमांक	विज्ञापित विषय	विज्ञापन निरस्त करने का कारण
01/2016 प्रशिक्षित स्नातक	06	जीवविज्ञान	हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में विषय न होने के कारण।
01/2016 प्रशिक्षित स्नातक	11	संगीत	हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में विषय न होने के कारण।
01/2016 प्रशिक्षित स्नातक	19	काष्ठ शिल्प	हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में विषय न होने के कारण।
01/2016 प्रशिक्षित स्नातक	20	पुस्तक कला	हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में विषय न होने के कारण।
01/2016 प्रशिक्षित स्नातक	21	टंकण	हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में विषय न होने के कारण।
01/2016 प्रशिक्षित स्नातक	22	आशुलिपिक टंकण	हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में विषय न होने के कारण।
02/2016 प्रवक्ता संवर्ग	19	वनस्पतिविज्ञान	इण्टरमीडिएट के पाठ्यक्रम में विषय न होने के कारण।
02/2016 प्रवक्ता संवर्ग	21	संगीत	इण्टरमीडिएट के पाठ्यक्रम में विषय न होने के कारण।

उपर्युक्त विषयों के विज्ञापन के निरस्तीकरण के फलस्वरूप चयन बोर्ड द्वारा पूर्व में विज्ञापित अन्य विषयों के विज्ञापन शीघ्र जारी करने का निर्णय लिया गया है। निरस्त होने वाले विषयों में आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को यह अवसर प्राप्त होगा कि वह विज्ञापित अन्य विषयों में से किसी एक विषय में अपनी अर्हता के अनुसार निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। यदि निरस्त होने वाले विषयों के अभ्यर्थी अन्य विषयों में अपनी अर्हता के अनुसार ऑनलाईन आवेदन करने के इच्छुक नहीं होंगे, तो उन्हें पूर्व में जमा शुल्क वापस कर दिया जायेगा। विज्ञापन संख्या–01/2016 एवं विज्ञापन संख्या–02/2016 के सापेक्ष निरस्त विषयों के अलावा अन्य विषयों में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी एवं पूर्व में उनके द्वारा किया गया आवेदन वैध माना जायेगा।

यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि पूर्व विज्ञापित विषयों के प्रति सिर्फ उन्हीं विषयों के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे जिनके विषय विज्ञापन संख्या–01/2016 एवं 02/2016 में निरस्त किये गये हैं।

उपरोक्त के दृष्टिगत चयन बोर्ड द्वारा पूर्व में घोषित परीक्षा की तिथियों को भी स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संदर्भ में चयनबोर्ड के अधिकारिक वेबसाईट नं0–**www.upsessb.org** से निरन्तर सम्पर्क में बने रहें।

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
इलाहाबाद।